डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

राष्टीय अंतरिक्ष दिवस 2024

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई के तत्त्वावधान में राष्टीय अंतरिक्ष दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 23 अगस्त 2023 को भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश और उसके दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में पहुँचने वाला पहला देश बन गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का सम्मान करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के आशीर्वाद हेतु गायत्री मंत्र के जाप के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तीन प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे – डॉ. डोनाल्ड मैक्सवेल हैरिस, सीईओ, सुपर क्लान प्रोडिजीस प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. अनीता, निदेशक, क्लान एक्स क्लब, डॉ. कृष्णकुमार नडराजा, क्षेत्रीय आयोजन समिति, पश्चिम क्षेत्र। हमें अपनी क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती मीनू अग्रवाल जी की गरिमामयी उपस्थिति का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।

कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने 'गैलेक्टिक रिदम' नामक गीत प्रस्तुत किया, जिसमें चंद्रयान के प्रक्षेपण के उपलक्ष्य में विविधताओं की भूमि में एकता और एकजुटता को दर्शाया गया। 'स्पेस ओडिसी' कक्षा नवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक टॉक शो थी, जिसमें आकाशगंगा के माध्यम से ब्रह्मांड के चमत्कारों का साझा किया गया। इसके बाद ग्यारहवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं द्वारा 'कॉस्मिक क्रॉनिकल्स' नामक एक जिज्ञासु स्किट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अगले चरण में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने एक शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में मुख्य अतिथि डॉ. डोनाल्ट मैक्सवेल हैरिस ने दर्शकों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने अपने विचारों को साझा किया। धन्यवाद ज्ञापन और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

राष्टीय अंतरिक्ष दिवस 2024

माननीय अतिथिगण

'गैलेक्टिक रिदम' गीत प्रस्तुति



'कॉस्मिक क्रॉनिकल्स' – जिज्ञासु स्किट

शानदार नृत्य प्रस्तुति